आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 04.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– नीति आयोग ने देशभर के आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में आज से शुरू किया संपूर्णता अभियान–राज्य के विभिन्न आकांक्षी जिलों में भी आज आयोजित किए गए कार्यक्रम।

2– मुख्यमंत्री ने राज्य में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने आज से ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान का शुभारंभ किया।

3– सोलहवें केंद्रीय वित्त आयोग का प्रतिनिधिमंडल ग्यारह से तेरह जुलाई तक छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेगा।

4– चौबीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा आज से जगदलपुर में शुरू।

संपूर्णता–अभियान

नीति आयोग ने देशभर के आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में छह प्रमुख संकेतकों की संपूर्णता प्राप्त करने के लिए आज से तीस सितंबर तक तीन महीने का संपूर्णता अभियान शुरू किया है।

इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के नारायणपुर और ओरछा में सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रुपसाय सलाम थे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर बिपिन मांझी ने की। इस अवसर पर श्री सलाम ने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए सबसे पहले समाज को सुधारने की आवश्यकता है, तभी देश विकसित हो सकेगा। वहीं, कलेक्टर ने संपूर्णता कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को इस अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे इस अभियान का संदेश जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

कार्यक्रम में गर्भवती माताओं को गोद भराई रस्म के तहत पोषण आहार किट का वितरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला और बाल विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया गया। वहीं, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को बीमारियों से बचने का संदेश दिया।

वहीं, महासमुंद में भी इस अभियान के तहत पिथौरा विकासखंड के ग्राम गड़बेढा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा बीजापुर जिले में भी आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत एक सौ बारह आकांक्षी जिलों और पांच सौ आकांक्षी ब्लॉकों में छह पहचाने गए संकेतकों में से प्रत्येक में यह संपूर्णता प्राप्त करना चाहता है। इसमें छत्तीसगढ़ के भी दस आकांक्षी जिलों के साथ ही संबंधित ब्लॉक शामिल हैं।

एक पेड़ मां के नाम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय परिसर में दहीमन का पौधा लगाया। उन्होंने प्रदेशवासियों से भी अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का आव्हान किया। दहीमन का पौधा सरगुजा अंचल में बहुतायत रूप से मिलता है। यह पौधा औषधीय गुणों से भरपूर होता है और कई बीमारियों के इलाज में उपयोगी है।

वहीं, प्रदेश में ग्यारह जुलाई को राज्य स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वन मंत्री केदार कश्यप ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लेकर सभी मुख्य वन संरक्षक और वन मंडलाधिकारियों को निर्देश जारी किए। इस अभियान के अंतर्गत सत्तर लाख पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पौधों को जनप्रतिनिधियों द्वारा गोद भी लिया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत लोग अपनी श्रद्धा और आस्था के अनुरूप देवी-देवताओं के नाम पर भी पौधारोपण कर सकेंगे। वन क्षेत्रों के अलावा सामान्य क्षेत्रों में सड़कों के किनारे भी पौधारोपण किया जाएगा।

जनदर्शन कार्यक्रम

आज रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज इस कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में सत्रह सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों को उनके आवेदनों पर हुई कार्रवाई की अपडेट जानकारी जनदर्शन पोर्टल के माध्यम से घर बैठे मिल सकेगी। इसके लिए जनदर्शन पोर्टल में आवेदक को अपना टोकन नंबर डालना होगा।

इस बीच, आज जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत तेरह बच्चों को दो-दो लाख रूपए के चेक प्रदान किए। गौरतलब है कि पंजीकृत निर्माणी श्रमिक परिवारों के इन बच्चों ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में टॉप-टेन में जगह बनाई है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राईसायकल सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए।

कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार सदियों तक लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

जनदर्शन स्थल के पास ही नागरिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया।

केंद्रीय वित्त आयोग-प्रतिनिधिमंडल

सोलहवें केंद्रीय वित्त आयोग का प्रतिनिधिमंडल ग्यारह से तेरह जुलाई तक छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेगा। तीन दिवसीय इस भ्रमण कार्यक्रम का नेतृत्व अरविंद पनगढ़िया करेंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में आयोग के बारह सदस्य शामिल हैं। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, आयोग के समक्ष राज्य के आर्थिक, वित्तीय, अधोसंरचना विकास और राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं से संबंधित विषयों पर प्रस्तुतिकरण देंगे। इस दौरान आने वाले वर्षों में राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं के संबंध में भी चर्चा की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए विशिष्ट अनुदान संबंधी मांग पत्र भी आयोग के सामने पेश किया जायेगा।

माओवादी-शिनाख्त

नारायणपुर जिले के कोहकामेटा क्षेत्र में पिछले दिनों हुई मुठभेड़ में मारे गए पांच माओवादियों की पहचान कर ली गई है। कांकेर के उप पुलिस महानिरीक्षक के.एल. ध्रुव और नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि इन सभी माओवादियों की पहचान

पीएलजीए कम्पनी नम्बर–एक के सीसी प्रोटेक्शन टीम मेम्बर के रूप में हुई है। इन सभी माओवादियों पर आठ–आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था।

गौरतलब है कि यह मुठभेड़ हिकुलनार–घमंडी के जंगलों में करीब बहत्तर घंटों तक चली थी। इस अभियान में नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाडा, और जगदलपुर जिले के जवान संयुक्त रूप से शामिल थे।

<u>एसीबी–कार्रवाई</u>

छत्तीगसढ़ में हुए कथित शराब घोटाला मामले में इस्तेमाल किए गए नकली होलोग्राम एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी ने करीब पांच बॉक्स जले हुए होलोग्राम जब्त किए हैं। ये होलोग्राम रायपुर शहर से लगे धनेली से मिले हैं। एसीबी ने होलोग्राम जब्त करने के साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

<u>आईईडी बरामद</u>

कोंडागांव और कांकेर पुलिस ने पांच–पांच किलो के दो आईईडी बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोंडागांव और कांकेर पुलिस का संयुक्त दल इरागांव थाना क्षेत्र के कोटकोडो–तमोरा से गश्त पर निकला था। इस दौरान
पुलिस को निशाना बनाने के उद्देश्य से माओवादियों ने दो आईईडी लगा रखे थे, जिसे पुलिस ने बरामद किया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने आईईडी को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया।

<u>नवजात शिशु मौत–कार्रवाई</u>

रायपुर जिले के उरला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले दिनों दो नवजात शिशुओं की मौत के मामले में दो डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी करते हुए लापरवाही बरतने वाले प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील साहू को निलंबित कर दिया है। वहीं, संविदा चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूनम सरकार को बर्खास्त कर दिया है।

इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

<u>फुटबॉल प्रतियोगिता</u>

चौबीसवें राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा आज से जगदलपुर में शुरू हो गई है। चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने इस स्पर्धा का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के ढ़ाई सौ से अधिक खिलाड़ी, खेल अधिकारी और प्रशिक्षक शामिल हो रहे हैं। इसमें बालक वर्ग में पंद्रह और सत्रह वर्ष तथा बालिका वर्ग में सत्रह वर्ष आयु के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

<u>मौसम</u>

आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका राजस्थान से बांग्लादेश तक विस्तारित है। वहीं, ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर झारखंड के उपर बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने, आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी गई है। भारी वर्षा का मुख्य क्षेत्र जशपुर जिला और उससे लगा क्षेत्र रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू में चालू सत्र में प्रवेश के लिए ऑनलाइन नामांकन और पुनः पंजीकरण की तिथि तीस जून से बढ़ाकर पंद्रह जुलाई कर दी गई है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल जशपुर जिले के ग्राम बगिया में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्त मंत्री और जशपुर जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी करेंगे।

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कवर्धा के पार्षद मोहित माहेश्वरी की याचिका पर कवर्धा नगर पालिका में अध्यक्ष पद का चुनाव एक सप्ताह के भीतर दोबारा कराने का आदेश दिया है।

– छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर किरणमयी नायक ने आज दुर्ग में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की।

– दंतेवाड़ा जिले में शहीद जवानों की स्मृति में शौर्य स्मृति कप टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में जिले की बत्तीस टीमों ने हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट को गीदम की टीम ने जीता है।

– नगर पालिका निगम भिलाई ने पैंतालीस लाख रूपये से अधिक के संपत्ति कर की वसूली के मामले में बीएसएनएल को कुर्की वारंट भेजा है।

– जांजगीर–चांपा जिले के शनिचराडीह गांव में बिजली खंभे के पास खेल रहे दो बच्चों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

– जांजगीर–चांपा जिले के कनई गांव में मशरूम खाने के बाद एक ही परिवार के बारह लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। इनमें से तीन बच्चों और एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>